भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1298
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

तंजावुर क्षेत्र में नेहरू युवा केंद्र इकाइयां

1298. श्री मुरसोली एस.:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तंजावुर क्षेत्र में कितने नेहरू युवा केंद्र इकाइयां कार्यरत हैं और गत पाँच वर्षों के दौरान इनके कार्यक्रमों के अंतर्गत कितने युवाओं को लाभ मिला है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान खेलो इंडिया और/अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण की अवसंरचना योजनाओं के अंतर्गत तंजावुर क्षेत्र के लिए जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों अथवा राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार तंजावुर जिले तक किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): तंजावुर जिले में मेरा युवा भारत केंद्र (माय भारत) (पूर्ववर्ती नेहरू युवा केंद्र) की एक इकाई कार्यशील है। विगत पाँच वित्तीय वर्ष के दौरान माय भारत केंद्र, तंजावुर द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित युवाओं की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	लाभान्वित		
		पुरुष	महिला	कुल
1	2021-22	8040	4660	12700
2	2022-23	7252	3956	11208

3	2023-24	20035	20615	40650
4	2024-25	5177	3084	8261
5	2025-26	3488	7472	10960

(ख) इस मंत्रालय में धनराशि का आवंटन राज्य/राज्य क्षेत्र-वार नहीं, स्कीम-वार किया जाता है। खेलो इंडिया स्कीम (केआईसी) के "खेल अवसंरचना का सृजन एवं उन्नयन" घटक तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत देशभर में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल आदि जैसी खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। केआईएस तथा एनएसडीएफ के अंतर्गत तंजावुर क्षेत्र सहित देशभर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

भारतीय खेल प्राधिकरण केवल अपने (साई) साई केंद्रों में ही खेल अवसंरचना का सृजन अथवा उन्नयन करता है। वर्तमान में तंजावुर क्षेत्र में साई का कोई केंद्र संचालित नहीं है। अतः इस प्रयोजन हेतु कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

(ग) एवं (घ): जी, हां, राष्ट्रीय सेवा योजना तंजावुर जिले में संचालित है। तंजावुर में एनएसएस की 94 इकाइयाँ कार्यरत हैं तथा इनके अंतर्गत 9,400 स्वयंसेवक नामांकित हैं।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) द्वारा राज्य-विशिष्ट अथवा जिला-विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते हैं। संस्थान द्वारा कार्यक्रमों के उद्देश्यों तथा संबंधित मंत्रालयों/विभागों, संगठनों एवं अन्य हितधारकों से प्राप्त नामांकनों के आधार पर देशभर के युवाओं एवं युवा क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, अभिमुखीकरण तथा नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तदनुसार, तंजावुर जिले के लिए विशेष रूप से कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित नहीं किया गया है। तथापि, तंजावुर जिले के पात्र प्रतिभागी संबंधित राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्धारित नामांकन/चयन प्रक्रिया के माध्यम से आरजीएनआईवाईडी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं।

*****